प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

30 अप्रैल 2021

बैंक ऋण का क्षेत्रीय विनियोजन - मार्च 2021[1]

चुनिंदा 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्रीय विनियोजन संबंधी आंकड़े विवरण I और II में दिए गए हैं, जो मार्च 2021 माह हेतु सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा विनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 90 प्रतिशत होता है।

बैंक ऋण के क्षेत्रीय विनियोजन की मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं :

- वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर, खाद्यतेर बैंक ऋण वृद्धि मार्च 2020 में 6.7 प्रतिशत की तुलना में मार्च 2021 में 4.9 प्रतिशत रही।
- अपनी वृद्धि की प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, कृषि और संबद्ध कार्यकलापों में ऋण वृद्धि मार्च 2020 में 4.2 प्रतिशत से मार्च 2021 में बढ़कर 12.3 प्रतिशत हो गई।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि मार्च 2020 में 0.7 प्रतिशत से मार्च 2021 में सीमांत रूप से घटकर 0.4 प्रतिशत रह गई। हालांकि, मार्च 2021 में मझोले उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 28.8 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक साल पहले उसमें 0.7 प्रतिशत की कमी आई थी। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि एक साल पहले के 1.7 प्रतिशत से मार्च 2021 में घटकर 0.5 प्रतिशत रह गई, जबकि बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 0.8 प्रतिशत की कमी आई जिसमें एक साल पहले 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।
- उद्योग के भीतर, 'खाद्य प्रसंस्करण', 'कपड़ा', 'रत्न और आभूषण', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', हेतु प्रदत्त ऋण में मार्च 2021 में गत वर्ष के इसी माह की तुलना में तेज वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, 'खनन और उत्खनन', 'रबर, प्लास्टिक और उसके उत्पादों', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'सभी इंजीनियरिंग', 'रसायन और रसायन उत्पादों', एवं 'निर्माण' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई।
- सेवा क्षेत्र की ऋण वृद्धि मार्च 2020 में 7.4 प्रतिशत से मार्च 2021 में घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई, जो मुख्य रूप से एनबीएफ़सी की ऋण वृद्धि में गिरावट और पेशेवर सेवाओं को प्रदत्त ऋण में कमी

[1]जनवरी 2021 से, बैंक ऋण के क्षेत्रीय आंकड़े संशोधित प्रारूप पर आधारित हैं, जिसके कारण पहले प्रकाशित किए गए कतिपय मौजूदा घटकों के मूल्यों और विकास दरों में कुछ बदलाव हुए हैं।

आने की वजह से है। हालांकि, व्यापार खंड को प्रदत्त ऋण ने बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें एक साल पहले के 4.6 प्रतिशत की तुलना में मार्च 2021 में 11.8 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई।

- व्यक्तिगत ऋणों की वृद्धि में कमी जारी रही, क्योंकि यह एक साल पहले के 15.0 प्रतिशत से मार्च 2021 में घटकर 10.2 प्रतिशत रह गई। हालांकि, वाहन ऋणों और स्वर्ण आभूषण के बदले में प्रदत्त ऋणों ने माह के दौरान बेहतर प्रदर्शन जारी रखते हुए तेज वृद्धि दर्ज की।

(योगेश दयाल)

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/142

मुख्य महाप्रबंधक